## खबर संक्षेप

### महिला कर्मचारी से अभद्र व्यवहार का मामला, भृत्य निलंबित

**मण्डला।** कलेक्टर कार्यालय मंडला में कार्यरत एक महिला कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार और अश्लील संदेश भेजने के मामले में जांच के बाद दोषी पाए जाने पर भृत्य गुलाब भारतीया को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई आंतरिक परिवाद समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला कर्मचारी की शिकायत पर कार्यालय कलेक्टर मंडला द्वारा गठित आंतरिक परिवाद समिति ने मामले की जांच की। समिति ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत प्रकरण की सुनवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित कर्मचारी द्वारा महिला कर्मचारी को अश्लील संदेश भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होने पर समिति ने संबंधित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की। समिकी अनुशंसा के आधार पर भृत्य गुलाब भारतीया को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान गुलाब भारतीया का मुख्यालय नायब तहसीलदार कार्यालय बम्हनी बंजर में निर्धारित किया गया है तथा इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**मण्डला।** नवांकुर संस्था के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला किन्द्री में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता तिवारी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रवाहिनी समिति मंडला की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ज्योतिषी ने कहा कि नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से समय-समय पर प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वृद्धि के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया जाता है। विकासखण्ड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया ने प्रस्फुटन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आदिवासी बैगा विकास समिति प्रमुख श्रीमती गंगोत्री बड़गैंया, परामर्शदाता आशीष नामदेव, समाजसेवी श्रीमती ममता साहू सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में रखें कड़ी निगरानी-कलेक्टर

# गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण पर होगी कार्यवाही

*** भ्रामक खबरों को फैलानों वालों की खैर नहीं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिला योजना भवन में एसडीएम एवं तहसीलदारों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वितरण प्रणाली की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस सिलेंडर वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही नहीं होनी चाहिए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों और डीलरों के साथ बैठक कर वितरण व्यवस्था की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि डीलरों से नियमित संवाद बनाकर रखें और यह सुनिश्चित करें कि पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी बनाए रखें तथा यदि कहीं भी अनियमितता या शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी तथा व्यवस्थित तरीके से संचालित की जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी पर भी कड़ी नजर बनाए रखें। पैनिक करने वाली भ्रामक खबरों का तत्काल खण्डन कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं। गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण, अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी न हो इसके लिए पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करते रहें।

अनावश्यक अफवाह के चक्कर में जिन्हें आवश्यकता नहीं होती है वे भी गैस सिलेंडर लेकर रख लेते हैं और वाजिब दाम से अधिक देने को भी तैयार रहते हैं इस स्थिति में जिनके पास सिलेंडर होते हैं वे पैसे कमाने के लिये उपलब्धता कम दर्शाते हैं लिहाजा लोगों में और भी डर भरता है और ऐसे में एक ओर जहां आवश्यक वस्तु की उपलब्धता कम होती है तो वहीं अधिक दाम देने वाले ज्यादा होते हैं।



### पीपरदोन में पेयजल संकट का समाधान

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रशासन सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को एसडीएम घुघरी सचिन जैन ने ग्राम पीपरदोन का दौरा किया। उन्होंने नागरिकों से सीधा संवाद कर पेयजल आपूर्ति से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सफलतापूर्वक हल कराया। ग्राम पीपरदोन में पीने के पानी की सप्लाई को लेकर ग्रामीणों के बीच कुछ असहमतियाँ थीं। इस संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए एसडीएम श्री जैन के साथ एसडीओ (पीएचई), जनपद पंचायत सीईओ घुघरी और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी उपस्थित रहे। एसडीएम श्री जैन ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और आपसी समन्वय के माध्यम से जल वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान (जीपीडीपी) के तहत आगामी समय के लिए प्राथमिकताएँ तय की जानी चाहिए।

## मंडला पुलिस के लिए आयोजित मोटिवेशनल कार्यक्रम में श्री भक्तिप्रेम स्वामी जी महाराज ने दिया प्रेरणादायी संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दिनांक 12 मार्च 2026 को योजना भवन, मंडला में पुलिस अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रेरणात्मक एवं मूल्य आधारित सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मार्गदर्शन उज्जैन से पधारे परमपूज्य भक्ति प्रेम स्वामी जी महाराज (अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता, अध्यक्ष – इस्कॉन मंदिर उज्जैन, एम.बी.बी.एस.) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

अपने संबोधन में स्वामी जी महाराज ने श्रीमद् भगवद्गीता के ज्ञान को सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन और नेतृत्व की एक सार्वभौमिक आचार संहिता है, जो व्यक्ति को कर्तव्य, नैतिकता और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि गीता का उपदेश एक जिम्मेदार योद्धा और प्रशासक अर्जुन को दिया गया था, जिससे स्पष्ट होता है कि इसका संदेश प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ निभाने वाले व्यक्तियों के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है।

भगवद्गीता व्यक्ति को संकट के समय स्पष्टता, तनाव के समय धैर्य और निर्णय लेने में विवेक प्रदान करती है तथा प्रशासनिक अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को अधिक संतुलित और प्रभावी ढंग से निभाने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला श्री शिव कुमार वर्मा ने सत्र की सराहना करते हुए कहा कि गीता के सिद्धांत पुलिस अधिकारियों के लिए तनाव प्रबंधन और बेहतर निर्णय लेने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, थाना प्रभारी यातायात ललित धुर्वे, थाना प्रभारी महाराजपुर जय सिंह यादव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सृष्टि सोशल वेलफेयर द्वारा मनाया गया महिला दिवस

*** नशा मुक्ति एवं किशोरियों की सुरक्षा के विषय में बात रखी गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बीजाडांडी विकासखंड (जिला मंडला) के ग्राम पंचायत रामतिला में सृष्टि सोशल वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बीजाडांडी की जनपद अध्यक्षया श्रीमती करिश्मा पटटा उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत धनवाही की सरपंच श्रीमती चित्रलेखा मरावी एवं ग्राम पंचायत रामतला के सरपंच एवं कृषि विभाग के बीटीएम मोहित गोलानी तथा धनवाही ग्राम पंचायत और रामतला ग्राम पंचायत की महिलाओं ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान सामाजिक क्षेत्र एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया ।साथ-साथ कुछ खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने हेतु मनोबल बढ़ाने के लिए जनपद अध्यक्ष श्रीमती करिश्मा पटटा द्वारा नशा मुक्ति एवं किशोरियों की सुरक्षा के संबंध में उद्बोधन दिया गया। इस कार्यक्रम में सृष्टि सोशल वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के संचालक योगेंद्र प्रसाद जाटव के द्वारा महिलाओं अधिकार के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के दिए वास्तविक करवाई हेतु उद्बवोधन दिया गया।

एवं गांव क्षेत्र में आजीविका के लिए नए आयाम को सृजित करने के ऊपर जानकारी प्रेषित की गई। इस कार्यक्रम में नारी शक्ति को दर्शाने के लिए कुछ खेल और प्रश्नोत्तरी की गतिविधियां आयोजित की गई एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु आत्मरक्षा और कौशल विकास के अवसर हेतु संवाद किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत धनवाही की सरपंच श्रीमती चित्रलेखा मरावी के द्वारा लिंग समानता के अधिकार पर विस्तृत जानकारी प्रेषित की गई। इस संपूर्ण कार्यक्रम में रामतिला ग्राम पंचायत की महिलाओं पुरुषों एवं जनप्रतिनिधियों तथा आयोजक संस्था के प्रतिनिधि श्रीमती साक्षी बिरयानी, लतामंगेस्वरी बैरागी एवं संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेरीकल्चर विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मण्डला।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा सेरीकल्चर विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 12 मार्च 2026 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गुप्ता एवं मंचासीन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि सेरीकल्चर क्षेत्र में रोजगार की बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस विषय पर टेक्निकल ज्ञान अर्जित करने हेतु प्रेरित किया।

## कृषि विभाग द्वारा बिछिया ओर अंजनिया में ग्रीष्मकालीन फसल तिल एवं मूंगफली बीज वितरण किसानों को किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



राष्ट्रीय मिशन ऑफ इंडियन ऑयल (तिलहन) NME0-05 योजनांतर्गत तिलहन की खेती नवाचार फसल योजना गर्मी में तिलहन फसल को बढ़ावा देते हुए कृषि विभाग के माध्यम से मूंगफली एवं तिल का बीज अनुविभागीय अधिकारित राजस्व बिछिया श्रीमति सोनाली देव की उपस्थिति में देवरी, बरिहा , तलरी, के कृषकों वियत दास, सुरेंद्र पटेल वीरेंद पटेल, चंद्रकुमार पटेल, बिरिया बाई, देव सिंह उइके,को कृषि विस्तार अधिकारी निधि खत्री, एवं योगेश वागले द्वारा ग्रीष्म कालीन फसल उत्पादन हेतु, मूंगफली, तिली का बीज वितरण किया गया, जिसमें कृषि विस्तार अधिकारी निधि खत्री एवं योगेश भागले ने बताया कि शासन द्वारा किसानों को ग्रीष्म ऋतु में भी आप इन फसलों की उपज ले सकते हैं और अच्छा लाभ कमा सकते हैं इस अवसर पर अनेक किशन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे और इसी तरह अंजनिया क्षेत्र में भी कृषि सभापति बिछिया प्रसून पारुल पांडे की उपस्थिति में ककेया रामनगर क्षेत्र किसान गोकुल प्रशाद नरेनिझर, संगीत पटेल, अशोक कुंजम हैराभाट, इन कृषकों को बीज वितरण किया गया जिसमें कृषि विभाग अधिकार बिन्देशवरी पंद्रो एवं महिमा मालगाम भगत के द्वारा ग्रीष्म ऋतु में फसल लगाना पैदावार बढ़ाना ओर संबंधित बीज खाद वितरण के संबंध में विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया गया कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थी।



**अतिक्रमण कार्यवाही | नगर में फुटपाथ से लेकर सड़क तक फैला अतिक्रमण।**

# अतिक्रमण पर नगर परिषद और प्रशासन की कार्यवाही

*** कार्रवाई के दौरान- दुकानदारों पर जुर्माना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया





कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी बिछिया श्रीमती सोनाली देव के निर्देशानुसार नगर परिषद भुआ बिछिया द्वारा नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई- मुख्य नगर पालिका अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) संस्कार बावरिया के नेतृत्व में नेशनल हाईवे-30 एवं बस स्टैंड क्षेत्र में फुटपाथ और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया- कार्रवाई के दौरान पाया गया कि हाईवे मार्ग एवं फुटपाथ पर कई व्यापारी अवैध रूप से दुकानें संचालित कर रहे थे- जिससे यातायात बाधित हो रहा था और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी- इस पर नगर परिषद- राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर थाना परिसर के सामने- बस स्टैंड तथा विनोद रंगमंच के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की तथा संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया- बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए निर्धारित स्थानों पर चूना लाइन डालकर वाहन पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित किए गए- नागरिकों को निर्देश दिए गए कि वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें- अन्यथा जुर्माना एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी- इसके साथ ही फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों को श्री गांधी मेला स्थल स्थित सब्जी मंडी के पास निर्धारित स्थान पर दुकान संचालित करने के निर्देश दिए गए- प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हाईवे मार्ग एवं फुटपाथ पर दोबारा दुकान लगाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी- इस अभियान में थाना प्रभारी बिछिया रंजीत सैयाम' उपयंत्री एच.आर. कुरैशी- राजस्व विभाग के कर्मचारी नारायण परते, मनोज निगम- मयंक घाटोडे सहित पुलिस एवं नगर परिषद के अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## धूमधाम से मनाया जाएगा चेटीचण्ड महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान झूलेलाल सांई जी का 1076 वां जन्मोत्सव चेटीचंड महोत्सव के रूप में 20 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए सामाजिक जनों के साथ विधिवत रूप से बैठक आयोजित कर कार्यक्रम तय किए गए हैं।आयोजन की श्रृंखला में 14 मार्च को अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में प्रातः 6 बजे अमृत वेला में श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का पाठ आरंभ किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन सुबह शाम आरती पूजा सामाजिक श्रद्धालु जन शामिल होंगे। आयोजन को लेकर सामाजिक पुरुष, महिलाओं, युवाओं ने तैयारियां आरंभ कर दी हैं।

15 मार्च को चित्रकला प्रतियोगिता किया जाएगा, महिलाओं के द्वारा आनंद मेला फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है जिसमें तरह-तरह के लजीज व्यंजन शामिल किए जाएंगे, मनोरंजन की श्रृंखला में संगीत निशा कराओके सॉन्ग का आयोजन किया जाएगा। 18 मार्च को बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 19 मार्च को खेलकूद प्रतियोगिता के साथ सास बहू जोड़ी डांस प्रतियोगिता,क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वर्तमान परिवेश के आधार पर सिंधी नाट्य मंचन 'मुहंजी शादी करायो' में सामाजिक बाल प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुति देंगे।

### वाहन रैली और विशाल शोभायात्रा का होगा आयोजन

20 मार्च को सुबह 9 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होगी, जो कि मंडला शहर एवं उपनगर महाराजपुर के मुख्य मार्गों से निकलेगी,वाहन रैली में भगवान झूलेलाल साईं के जयघोष करते हुए वृहत आयोजन होगा,वाहन रैली का जगह जगह स्वागत किया जाएगा, इसके पश्चात श्री गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का भोग का कार्यक्रम होगा।तदोपरांत सामाजिक आम लंगर आयोजित होगा।सायं काल में पूज्य मुखी साहब की मौजूदगी में पंडित वासुदेव शर्मा के द्वारा श्री बहिराणा साहिब जी की पूजा अर्चना संपादित होगी और विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें भगवान झूलेलाल जी,संत कंवर राम जी,श्री राम दरबार एवं महापुरुषों की आकर्षक झांकियां से सुसज्जित होकर बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मां नर्मदा के तट पर भगवान झूलेलाल की पल्लव पूजा के साथ संपन्न होगी।

**खबर संक्षेप**

### कौड़िया शमशान घाट क्षेत्र बना असामजिक तत्वों का अड्डा

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** जहां शासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवसथा कायम रखने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त आदेश जारी करते हुए लगातार गस्त करने के लिये निर्देशित किया जा रहा है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि पुलिस की गस्त व्यवसथा दुरूस्त न होने का परिणाम है कि ग्राम कौड़यि का शमशान घाट क्षेत्र में शाम होते ही आसामजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जिसके चलते इस क्षेत्र में जहां देर रात तक शराबियों का बोलबाला रहता है? वही यहां पर अनेक रंगीन मिजाज के लोगों के एकत्र होने के कारण अनेक प्रकार के अश्लील दृश्य भी देखने मिल रहे है..? जिसमें बताया जाता है कि मनचलों द्वारा कुछ बाहरी मनचले किस्म के महिलाओं व पुरूषों का जमावड़ा लगा रहे से पूर्णरूप से इस क्षेत्र को अपनी अश्लीलता का क्षेत्र बनते हुए दिखाई देने लगा है। ज्ञात हो कि इस जगह से ही गाडरवारा करेली मार्ग लगा होने के कारण इस मार्ग से देर रात तक लोगों का निकलना लगा रहता है। वही दूसरी ओर महिलाओं का भी आना जाना बना रहने के कारण जब इस प्रकार के कृत्य चलते है तो यहां से निकालने वाले लोगों सहित यहां पर रहने वाले सभ्य परिवार के लोगों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? वही दूसरी ओर सड़क मार्ग से निकलने वाली महिलाओं के साथ भी यहां पर मौजूद रहने वाले आसामजिक तत्वों द्वारा छीटाकशी करने से नही चूकते है जिसके चलते महिलाओं को इस क्षेत्र से गुजरना दुभर होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगो द्वारा पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए मांग की गई है कि शाम के समय शमशान घाट क्षेत्र में बिगड़ रही स्थिति को ध्यान में रखते हुए यहां पर अपनी गस्त व्यवस्था चौकस की जावे, जिससे ग्राम व क्षेत्र की शांति व्यवसथा भंग होने से बच सके।

### स्कूलों मे सड़ रहे कम्प्यूटर, शिक्षा विभाग की योजना पर लगा प्रश्न चिन्ह?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शिक्षा के क्षेत्र में कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक क्षेत्र के अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष है, तो कई कोठरी मे बंद पडे है जो आज भी सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ाने से नही चूक पा रहे है, वही कई गांवों के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को तो इन कम्प्यूटर के क्षेत्र मे ए बी सी डी का ज्ञान न होने के कारण वह छात्र छात्रायें भी कम्प्यूटर ज्ञान से अवगत नही करा पा रहे है, क्योंकि शिक्षकों को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान न होने के कारण गांवों के बच्चे उन्हें आज तक चालू व बंद करना भी नही सीख पाये है? इतना ही नही अज्ञानता वश बच्चे यह सुनकर व जानकर उत्साहित होते है कि उन्हे स्कूल मे टेली विजन देखने मिला है जो शायद कभी चालू होगा, आधुनिकता से परिपूर्ण दौर मे प्रत्येक क्षेत्र मे कम्प्यूटर जरूरत बन गया है। इसी बात का ध्यान रखत हुये बच्चों के भविष्य के लियें शिक्षा विभाग द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान सोच के साथ लाखों रूपयें की राशि खर्च कर गांव गांव के स्कूलों मे कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया करायी गयी है। परंतु प्राध्यापकों द्वारा राशि का बंदर बाट कर अपनी जेब व अपने घर की शोभा बढ़ाने के शिवा कुछ साबित नही हुआ है? कम्पूटर प्रशिक्षण के नाम पर धूल खा रहे कम्प्यूटर एक बार बिगड़ जाने के बाद महीनों उनकी मरम्मत नही कराई जाती है, इस प्रकार वह स्कूलों मे रखें रखें सड़ रहे है। कई स्कूलों में तो लाईट की व्यवस्था तक नही है, फिर भी उन स्कूलों में कम्पूटर उपलब्ध है, अब सवाल यह उठता है कि आखिर शासन द्वारा कम्पूटर शिक्षा के नाम पर पैसा क्यों खर्च किया गया है।

# नगर की सड़कों पर आवारा चौपायों की धमाचौकड़ी से स्कूली छात्र छात्राओं सहित वाहन चालक परेशान, नगरवासियों को परेशानियों से कब मिलेगी निजात






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

भले ही नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिये शहर की दीवारों पर सुन्दर लेखन कराते हुये नई नबेली दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर जिस तरह शहर की सड़को पर आमजन के जीवन को खतरा पैदा करने वाले आवरा पशुओं की मटर गस्ती में अंकुश लगाने में असफल रहने के कारण शहर की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है दूसरी ओर आमजन की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक रहा है? यह बात अलग है कि आये दिन आयोजित होने वाली बैठकों के आवारा पशुओं का मुद्दा प्रमुखता से उठते हुये देखा जाता है और इन पर अंकुश लगाने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भरोसा भी दिलाया जाता है मगर वह भरोसा मात्र एनाऊंसमेंट तक ही सीमित होकर रह जाता है और आमजन की परेशानी जहां की तहां बनी हुई देखने मिलती है। अक्सर देखा जाता है कि बरसात का मौसम हो या फिर गर्मी चाहे ठंड का मौसम मगर आवारा पशुओं को अक्सर सड़को पर ही देखा जाता है। अब चाहे वह गाय हो या फिर भैस, कुत्ता, बकरी या अन्य चौपाये जो नगर की सड़कों पर ही नजर आते है..? इसकी वजह यह होती है कि इन आवारा चौपायो को विपरीत मौसम में छिपने छिपाने के स्थानों का अभाव होता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि क्योंकि शुरू हो रहे गर्मी के दौरान पशु दोपहर के समय सड़को के किनारे तो रात के समय मुख्य सड़को पर आराम फरमाते हुये देखे जाते है तो सुबह होते ही सड़को के बीचो बीच भ्रमण करते हुये आमजन के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है? इस स्थिति के चलते सबसे अधिक परेशानियों का सामना स्कूल छात्र छात्राओं सहित वाहन चालकों को करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि यह चौपाये कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनते है। इस प्रकार से नगर की सड़को पर अपना साम्राज्य स्थापित करने वाले इन पशुओं पर अंकुश लगाने के लिये अनेको बार मांग की जा चुकी है। परंतु शायद इसकी परवाह किसी को नही रहती जो इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने का जिम्मा उठा सके..? यह बात अलग है कि बीते हुये कुछ वर्ष पहले तत्कालीन नपा अध्यक्ष श्रीमति अनीता/रविशेखर जायसवाल के प्रयासों से इन आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए हाका गेग बनाने के साथ वाहन भी खरीदे गये थें जिसके चलते इन पशुओं को सड़कों से हटाने की जिस तरह मुहिम चलाई गई थी जिससे आमजन को काफी राहत महसूस हुई थी। मगर अब न तो उस हांका गेंग का पता चल रहा है और नही वह वाहन नजर आ रहे है जो इन पशुओं को पकड़ते हुये नगर के वाहन छोड़ने के लिये खरीदे गये थें। इसी का परिणाम है कि अब नगर की सड़को पर इन आवारा पशुओं की हुजूम दिखाई देने लगा है। वैसे भी गौर किया जावे तो इस प्रकार से आवरा पशुओं से नगर में फैल रही अव्यवस्था के लिये काफी हद तक वे पशु मालिक भी जिम्मेदार है..? जो अपने पशुओं को घी दूध खाने के लिए पालने का शौंक तो करते है मगर और इसके बाद उन्हें आवारा सड़को पर घूमने के लिए छोड़ देते है जो आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा साबित होने से नही चूकते है। वही लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका प्रशासन इस ओर सख्त कदम उठाते हुए पशु मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने की शुरूआत कर दे तो निश्चित तौर से इन आवारा पशुओं पर अंकुश लग सकता है। मगर अभी तक इस प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नही होने का परिणाम है कि पशु मालिको के हौसले बुलंद है और यही कारण है कि यह समस्या हमेशा बनी रहती है। क्योंकि शहर में है आवारा चौपायों की फौज नगर की अधिकांश सड़कों पर डेरा जमाये रहती है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के पलोटन गंज, आमगांव तिरहा, राठी तिरहा, पुराना बस स्टेन्ड, झंडा चौक, पानी टंकी, शासकीय चिकित्सालय रोड़, चावडी रोड, पुरानी पुलिस चौकी, बी टी आई स्कूल के सामने सहित नगर के अनेक मुख्य मार्ग पर तो इनका जमावडा हमेशा ही बना रहता है। जबकि स्टेशन मार्ग पर तो इनका आतंक होता है, इनके आतंक के चलते आम आदमी की बात तो दूर वाहन चालकों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी कभी तो स्थिति यह तक देखने मिलती है कि जब पशु आपस में लडते हुए वाहन से टकरा जाते है तो वाहन चालक घायल तक हो जाते है। गली मुलल्लो में सुअरों का आतंक-आवारा गाय, बैल जहां नगर की सड़कों में आतंक मचाते हुए घूम रहे है। वही नगर के गली मुहल्लों में सुअरों का आतंक भी काफी हद तक देखने मिल रहा है जहां ये सुअर लोगों को नुकसान पहुंचाते है। वही इनकी आवरगी से बीमारियां बढ़ने की पूरी संभावना है? वैसे भी देखा जावे तो इस मौसम में जिस प्रकार से मौसमी व गंभीर बीमारी का भय बना हुआ है, उसके चलते इन सुअरों का आतंक खासतौर पर हनुमान वार्ड, आजाद वार्ड, भामा वार्ड के पलोड़ कालोनी क्षेत्र, नर्मदा कालानी के आलवा गांधी वार्ड की ओर अधिक है जो नगर के अन्य स्थानों स्वान फलु जैसी बीमारी को आमंत्रण देने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? कुत्तों की फौज द्वारा भी मचाया जा रहा आंतक- वही दूसरी ओर नगर की आम जनता आवारा पशुओं के साथ साथ नगर में जहां तहां दर्जनों की संख्या में भ्रमण करने वाली कुत्तो की फौज से भी परेशान होने से नही बच पा रही है। इस प्रकार से नगर के प्रमुख मार्गो से लेकर कालोनियों व मुहल्लों में घूम रही कुत्तों की फौज के चलते देखा जा रहा है कि नगर की गलियों से लेकर कालोनियों में दर्जन भर से अधिक कुत्तों की यह फौज इन दिनों नगर की सड़कों पर आंतक मचाये हुये है, इनकी धमाचौकड़ी से जहां राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है वही महिलाये, बच्चे इनसे अतंकित होते हुये देखे जा रहे है, अनेकको बार देखा जाता है कि जब लोग रास्तों से निकलते होते है तो यह कुत्ता उन्हें काटने से भी नही चूकते है। इस स्थिति में अपने स्कूलों को आने जाने वाले मासूम बच्चों को रास्तों से निकलने में दहशत की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रही है? नपा. उठाए सख्त कदम- इस प्रकार से नगर में लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी सहित सुअरो व कुत्तो के आम लोगों द्वारा प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये मांग की गई है कि वह उचित कदम उठाते हुये कोई ठोस कार्यवाही की जावे जिससे आम लोगों में लगातार फैल रही दहशत से निजात मिल सके।



## माँ कर्मा जी की जयंती के आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

साहू समाज द्वारा अपनी आराध्य देवी माँ कर्माजी की जयंती हर साल बडे ही धूमधाम के साथ मनाते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार से आने वाले 15 मार्च को कर्माजी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियाँ सामाजिक बंधुओं ने अभी से शुरू कर दी गई है। समाज के युवा आकाश साहू द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया है कि श्रीकृष्णभक्त शिरोमणी माँ कर्मादेवी जी जयंती समारोह समाज द्वारा हर साल की भांति बडे ही भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर सुबह के समय नगर के हृदय स्थल झंडाचौक पर दीप प्रज्जवलन एवं पूजन आरती का आयोजन किया जावेगा। इसके उपरांत 10 बजे से युवा संगठन द्वारा नगर में वाहन रैली निकाली जावेगी। वही शाम 4 बजे नगर के झंडाचौक पर माँ कर्मा देवी खिचडी का वितरण युवा संगठन द्वारा किया जावेगा। वही मुख्य पूजन, हवन व आरती का आयोजन शाम 4 बजे किया जावेगा। इसके उपरांत नगर के सुखदेव भवन में युवक युवती सम्मेलन सहित अन्य कार्यक्रम क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य अतिथ्य में आयोजित होगे। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा मौजूद रहेगे। वही अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक, नरेश पाठक, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल, भाजपा नेता मिनेन्द्र डागा मौजूद रहेगे।

## सांदीपनि विद्यालय का राष्ट्रीय मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में देखने मिला दबदबा, जिले की टॉप टेन सूची में सात विद्यार्थी




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

राष्ट्रीय योग्यता-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) के सत्र 2025-26 के परिणामों में सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। बताया जाता है कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय के कुल 28 विद्यार्थियों का चयन वरीयता के आधार पर हुआ है, जो जिले में किसी भी शिक्षण संस्था के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। विद्यालय के प्रधान पाठक सरदार सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के छात्र कार्तिक चौरसिया ने जिला स्तरीय वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त जिले की टॉप टेन सूची में विद्यालय के कुल सात विद्यार्थियों ने अपनी जगह सुरक्षित की है, जिनमें कार्तिक चौरसिया के साथ प्रद्युम्न कुशवाहा, कार्तिक अवधिया, आरती लोधी, समर अग्रवाल, प्रयांश राजपूत और प्रशांत कुशवाहा शामिल हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन और समर्पण से मिली सफलता- विद्यार्थियों की इस अप्रतिम सफलता में विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और वर्ष भर की गई कड़ी मेहनत का विशेष योगदान रहा है। परीक्षा के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार तार्किक, गणितीय और विषयवार अध्यापन कार्य में शिक्षक आरती पटेल, खुशबू खरे, अंकित द्विवेदी, ओम जी कौरव और भैयाराम अहिरवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षकों द्वारा सत्र के प्रारंभ से ही कालखंड वार विशेष कक्षाओं का संचालन किया गया और अभिभावकों से निरंतर संपर्क कर विद्यार्थियों को घर पर भी अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया। संस्था की इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी सहित समस्त मार्गदर्शन दाताओं का आभार व्यक्त किया है। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, समस्त शिक्षकों और अभिभावकों ने चयनित छात्र-छात्राओं को उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष सहित युवाओं ने किया रक्तदान





**हरिभूमि न्यूज/सांईंड़ा।**

नगर में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। इस शिविर में नपा अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने मौजूद रहते हुये रक्तदान किया गया। गाडरवारा के एक निजी चिकित्सालय के तत्वधान में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुँचकर अपनी स्वास्थ्य जाँच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। जाँच के साथ मिली निशुल्क दवाइयां। शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से 'हेल्थ केयर पैथोलॉजी लैब' द्वारा मरीजों की निशुल्क पैथोलॉजी जाँचें की गईं। इसमें मुख्य रूप से हृदय रोग (ECG), शुगर, ब्लड प्रेशर (BP) और हीमोग्लोबिन जैसी महत्वपूर्ण जाँचें शामिल रहीं। जाँच के उपरांत डॉ. एवं उनकी मेडिकल टीम ने मरीजों का व्यक्तिगत स्वास्थ्य परीक्षण किया और शिविर में ही आवश्यक दवाइयों का निशुल्क वितरण भी किया गया। बताया जाता है कि इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति अग्रवाल ने किया रक्तदान करते हुये युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ आयोजित रक्तदान शिविर आकर्षण का केंद्र रहा। मानवता की सेवा के संकल्प के साथ नगर परिषद साईंखेड़ा की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का उत्साहवर्धन किया। उनके इस कदम की सराहना करते हुए नगर के दर्जनों युवाओं ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया, ताकि आपात स्थिति में जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. मनीष महोबिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही कार्यक्रम के अंत में पार्षद प्रतिनिधि गजेन्द्र चौकसे ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अस्पताल प्रबंधन, पैथोलॉजी टीम, रक्तदाताओं और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।



## हनुमान जयंती की तैयारियों को लेकर सुन्दरकांड के बीच आयोजित की गई बैठक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर की आस्था से भरपूर, श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारियों हेतु विगत कई वर्षों की परंपरा का निर्वाहन करते हुए इस वर्ष आयोजित होने वाली शोभायात्रा व अन्य तैयारियों को लेकर नगर के हृदय स्थल झंडा चौक मन्नत कॉम्प्लेक्स में कार्यालय का पूजन अर्चन कर सुंदरकांड पाठ के साथ किया गया। क्योंकि अब हनुमान जन्म उत्सव की शोभायात्रा में नगर की एकता सनातनी संस्कारों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु रहते हैं। प्रत्येक वर्ष शोभायात्रा में अलग अलग प्रकार की झांकियां, साज सज्जा, ढोल नगाड़े आदि देखने को मिलते हैं। इस वर्ष भारतीय युवा दल द्वारा नए प्रकार से क्या आयोजित किया जाएगा इस हेतु कार्यालयों में निरंतर

### फूल पौधा काटते जाने पर हुआ विवाद, पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कभी कभी देखा जाता है कि छोटी से बात बड़ा रूप धारण करने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम अुर्जनगांव में देखने मिली है जहां फूल पौधा काटे जाने पर मारपीट हुई। घटना के संबंध में खेमचंद नामक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे ही घर के पास से बडे भाई श्याम लाल का मकान है दोनों के बीच आंगन है जिसमें फूल पौधा लगे हुये थें जिन्हें किसी के द्वारा काटे जाने पर जब प्रार्थी ने भाई के लडके विकास से पूछा की यह पौधा किसने काटे है। इसी बात को लेकर विकास द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला की मैने काटे है। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो विकास द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही लड़ाई होते देख जब प्रार्थी की पत्नी बीच बचाव करने लिये आई तो उसके साथ श्याम लाल द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## कांपते हाथो में पास बुक थाम लौट रहे पेंशन पाने वाले वृद्ध

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** सरकार वृद्धों को सुविधाएँ देने का तो दावा करती है पर स्वास्थ्य से लाचार वृद्ध महिलाएँ, पुरूष जीवन के आखिरी पड़ाव में किन कठिनाईयों का सामना कर रहे है, शायद इसकी पड़ताल कराने में प्रशासन कोई रूचि नहीं लेता है? जिसका नतीजा है की वृद्ध जन घनघोर अभावों में अपना शेष जीवन करने मजबूर होते हुए देखे जा रहे है, इसकी जीती जागती मिसाल इन दिनों शहर में देखने को मिल रही है। क्योंकि नपा से लेकर पंचायतों में बैठे हुए लोगों की उदासीनता का प्रमाण है कि आज भी अनेक वृद्ध इस प्रकार के है जो इस योजना का लाभ लेने से बंचित दिखाई पड़ रहे है और वह आये दिन नपा या फिर पंचायत कार्यालयों के चक्कर काटते हुए देखे जाते है? इस संबंध बताया गया है कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धो, विकलांगो, विधवाओं को जो

# सुगम संपर्कता परियोजना अंतर्गत मजरे टोले और सांदीपनि स्कूलों तक बनेगी नई सड़कें

## गांव से जुड़ेंगे गांव, हर जनपद पंचायत को 3 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करने का अधिकार

**डिंडोरी .** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने नई पहल शुरू की है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ष्सुगम संपर्कता परियोजनाष की शुरुआत की गई हैए जिसके माध्यम से गांवोंए ग्राम पंचायतों और 100 से अधिक आबादी वाले मजरा.टोला तथा मुख्यमंत्री मजरा.टोला योजना अंतर्गत चिन्हित बस्तियों को सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा।परियोजना अंतर्गत सड़कों का निर्माण मनरेगा यानी ;ट०.ळ त्।ड ळद्ध योजना के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए प्रदेश की प्रत्येक जनपद पंचायत को 3 करोड़ तक की स्वीकृति प्रदान करने का अधिकार दिया गया है। मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा सभी जनपद पंचायतों को राशि भी आवंटित कर दी गई है।




### सिपरी सॉफ्टवेयर से स्थान का चयन

परियोजना के तहत मजरे.टोले और सांदीपनि विद्यालयों तक बनने वाली सड़कों के लिए स्थान का चयन सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही सड़कों की डीपीआर ;विस्तृत परियोजना प्रतिवेदनद्ध तैयार करने के लिए सिपरी सॉफ्टवेयर और आरआईएमएस का उपयोग किया जाएगा।परियोजना अंतर्गत बनने वाली सड़कों की निगरानी ड्रोन तकनीक से की जाएगी। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मनरेगा आयुक्त अवि प्रसाद ने बताया कि परियोजना के तहत 28 मार्च 2026 तक डीपीआर तैयार कर उसकी तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इस परियोजना के माध्यम से 100 से अधिक आबादी वाले मजरे.टोले तथा सांदीपनि विद्यालयों तक सड़क निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा।

# सिधौली का बैगान टोला मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**अमरपुर।** डिंडौरी जिले की ग्राम पंचायत सिधौली में लगभग 90 परिवारों वाले बैगा जनजाति के निवासियों को आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। प्रदेश में जनमन योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत आवास और गांव को सभी सुविधाओं से सुसज्जित करने का प्रावधान होने के बावजूद यहां आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी नहीं हो पाई हैं।जल जीवन मिशन के तहत गांव में उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण किया गया है। हालांकि अभी तक टंकी में पानी नहीं भरा जा सका है और न ही इन परिवारों को नल जल योजना का लाभ मिल रहा है। गर्मी की शुरुआत से ही हैंडपंप सूखने लगे हैं। वर्तमान में पूरे गांव के लिए केवल एक हैंडपंप से ही पीने का पानी उपलब्ध हो पा रहा है। मुख्य मार्ग से बैगान टोला तक पहुंचने में ग्रामीणों को कठिनाई हो रही है। मार्ग में एक पुरानी पुलिया भी एक तरफ टूट चुकी है। पंचायत द्वारा बोल्डर और मुरूम डालकर अस्थायी व्यवस्था की गई है। सड़क में गड्ढे और बोल्डर होने के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर पिछले छह माह से जला हुआ था। हाल ही में नल जल योजना के ट्रांसफर से कुछ व्यवस्था तो की गई हैए लेकिन गांव में पेयजल की समस्या अभी भी गंभीर बनी हुई है। कई घरों में नल जल योजना के कनेक्शन नहीं लगे हैं और पानी अभी तक घरों तक नहीं पहुंचा है।ग्रामीण बिरसिंह बैगा ने बताया कि टंकी में पानी चढ़ता ही नहीं है। इस कारण नल जल योजना का लाभ अभी तक उन्हें नहीं मिल पाया है और गर्मी में पानी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# प्राकृतिक खेती से बदली जिंदगी, महिला किसान बनीं गांव के लिए प्रेरणा



डिंडौरी

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले की महिला किसान मोहती दीदी ने प्राकृतिक और पारंपरिक खेती को अपनाकर आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी लिखी है। ग्राम नारायणडीह की निवासी मोहती दीदी अपने परिवार के साथ रहते हुए सीमित संसाधनों में खेती को लाभकारी बनाने का उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं।मोहती दीदी अपने तीन बच्चों और पति कृष्णपाल के साथ रहती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति और पति के काम के सिलसिले में अक्सर घर से दूर रहने की परिस्थिति को देखते हुए उन्होंने अपनी लगभग आधा एकड़ भूमि पर प्राकृतिक और पारंपरिक खेती की शुरुआत की। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग बंद कर प्राकृतिक संसाधनों के सहारे खेती करने का निर्णय लिया।

मेहनत और लगन के कारण उन्हें खेती से अच्छा लाभ मिलने लगा। इसके बाद उन्होंने आसपास के किसानों को भी प्राकृतिक और पारंपरिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रयासों से ग्राम नारायणडीह के कई किसान इस पद्धति से जुड़ चुके हैं और अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त कर रहे हैं।प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलने से गांव में स्थानीय स्तर पर आय के अवसर बढ़े हैं जिससे ग्रामीणों का पलायन भी कम हुआ है। मोहती दीदी का यह प्रयास उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के साथ साथ पारंपरिक कृषि पद्धतियों को फिर से जीवित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।प्राकृतिक खेती का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कम करना और पर्यावरण के अनुकूल स्वस्थ खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देना है। मोहती दीदी ने अपने प्रयासों से यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों में भी नई सोच और मेहनत के बल पर खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।आज मोहती दीदी की सफलता अन्य महिला किसानों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। उनका प्रयास जिले और आसपास के क्षेत्र के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

# करंजिया में जनगणना 2027 के लिए प्रशिक्षण आयोजित



**डिंडौरी ।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और अनुविभागीय जनगणना अधिकारी रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में अनुविभाग बजाग के विकासखंड करंजिया में प्रस्तावित प्रगणकों पर्यवेक्षकों मास्टर ट्रेनरों जनशिक्षकों और पटवारियों के लिए जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकान गणना से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया। पहली पाली सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की गई।प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जनगणना 2027 का प्रारंभिक परिचय दिया गया। इसके साथ ही मकान सूचीकरण ब्लॉक के निर्माण भवन और जनगणना मकान की पहचान परिवार की पहचान और उनकी नंबरिंग की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही भ्स्व ।चच के माध्यम से गणना की पूरी प्रक्रिया भी समझाई गई।प्रशिक्षण सहायक प्रबंधक ई गवर्नेंस भरत अग्रवाल द्वारा पीपीटी के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भागीदारी की। प्रशिक्षण में कुल 275 प्रतिभागी शामिल हुए।

## शहपुरा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# जनपद पंचायत भवन निर्माण को लेकर युवाओं ने जताई आपत्ति



**शहपुरा .** शहपुरा नगर में प्रस्तावित जनपद पंचायत भवन के निर्माण को लेकर स्थानीय युवाओं और किसानों ने आपत्ति जताई है। दरअसल जागरूक युवाओं ने एसडीएम के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए चयनित भूमि पर निर्माण कार्य रोकने और किसी अन्य स्थान पर जनपद पंचायत के भवन बनाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। मॉडल रोड के पास जिस भूमि का चयन जनपद पंचायत भवन के निर्माण के लिए किया गया हैए वह लंबे समय से किसानों और पशुपालकों के उपयोग में रही है। गौरतलब है कि उक्त भूमि पशुओं के लिए गोचर ;चराईद्ध क्षेत्र के रूप में इस्तेमाल होती हैए जहां आसपास के किसान अपने मवेशियों को चराने के लिए लाते हैं। इसके अलावा स्थानीय युवा मैदान में नियमित रूप से खेलकूद करते हैं । जनहित में चयनित स्थल को रद्द करते हुए अन्य स्थल पर जनपद पंचायत भवन का किया जाए निर्माण जागरूक युवाओं ने प्रशासन को बताया कि यदि इस स्थान पर भवन का निर्माण किया जाता है तो इससे किसानोंए पशुपालकों और युवाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उनका कहना है कि नगर में अन्य कई स्थान ऐसे हैं जहां जनहित को ध्यान में रखते हुए जनपद पंचायत भवन का निर्माण किया जा सकता है। युवाओं ने प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित स्थल को यथावत रखा जाए और जनपद पंचायत भवन के लिए किसी वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाएए ताकि किसानों की गोचर भूमि और युवाओं का खेल मैदान सुरक्षित रह सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगे भी जनहित में आंदोलन किया जाएगा।

# वार्षिक परीक्षा और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का निरीक्षण



**डिंडौरी ।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर जिले में कक्षा 3 कक्षा 4 और कक्षा 6 तथा कक्षा 7 की स्थानीय वार्षिक परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परियोजना समन्वयक श्वेता अग्रवाल और सहायक परियोजना समन्वयक अकादमिक अमित गौलिया तथा शैलेष कुमार जैन ने विभिन्न विद्यालयों का संयुक्त निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एकीकृत माध्यमिक शाला सागरटोला में स्थानीय वार्षिक परीक्षा का संचालन संतोषजनक नहीं पाया गया और विद्यालय में अव्यवस्था भी मिली। इस पर जिला परियोजना समन्वयक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रधान पाठक को सात दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।बालक प्राथमिक शाला गाड़ासरई के निरीक्षण में विद्यालय की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। हालांकि दर्ज संख्या की तुलना में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम मिलने पर प्रभारी प्रधान पाठक को पालकों से संपर्क कर विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिदिन निर्धारित मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन संचालित करने को कहा गया।विकासखंड करंजिया के प्राथमिक शाला चंदना और प्राथमिक शाला रहटापकरी में नवीन बालिका शौचालय निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्माण एजेंसी और उपयंत्री को गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।इसी क्रम में एकीकृत माध्यमिक शाला बिलाईखार बजाग में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया जहां जिला परियोजना समन्वयक ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया।इसके अतिरिक्त कक्षा 5 और कक्षा 8 की वार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन केंद्र मॉडल हायर सेकेंडरी शाला बजाग का निरीक्षण कर दो दिन के भीतर मूल्यांकन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## तहसील परिसर में तीन दुकानों में सेंध

# लैपटॉप और नगदी चोरी से हड़कंप



**शहपुरा।** शहपुरा तहसील परिसर में अज्ञात चोरों ने देर रात हौसला दिखाते हुए तीन दुकानों में सेंध लगाई। दुकानदारों के अनुसार चोरों ने दुकानों के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नरेन्द्र गुप्ता आशुतोष गुप्ता और सतेन्द्र अग्रवाल की दुकानों को निशाना बनाया।घटना में नरेन्द्र गुप्ता की दुकान से एक लैपटॉप और नगदी चोरी हो गई। वहीं आशुतोष गुप्ता की दुकान से लगभग 12 हजार रुपये चोरी कर लिए गए और सतेन्द्र अग्रवाल की दुकान में लगे ताले तोड़ दिए गए।सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान पहुंचे तो चोरी का पता चला और तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। पीड़ित दुकानदारों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी अनुराग जामदार ने पुलिस स्टाफ के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू कर दी।पीड़ितों ने थाने में जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। तहसील परिसर में हुई इस घटना के बाद अन्य दुकानदारों में भी डर और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा कड़ी करने और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

# समग्र ग्राम विकास के लिए प्रस्फुटन समितियों को दिया प्रशिक्षण



डिंडौरी ।

जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बटौंधा में जन शक्ति समाज सेवा नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक 05 द्वारा प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। प्रशिक्षण शिविर में प्रस्फुटन समितियों को समग्र ग्राम विकास की अवधारणा से जोड़ते हुए विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।जन अभियान परिषद विकासखंड डिंडौरी के समन्वयक गणेश राजपूत ने प्रस्फुटन समितियों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण जल संवर्धन नशा मुक्ति और जैविक खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया।इसके बाद जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने समिति के दस्तावेजीकरण एनजीओ पंजीयन संस्था गठन और प्रबंधन तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रतिभागियों को दी।कार्यक्रम में परामर्शदाता रतन बेलिया ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण विकास में प्रस्फुटन समितियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत बटौंधा की सरपंच परमियाबाई सैयाम उपाध्यक्ष सकोप सिंह सैयाम भारत झरिया ग्राम पंचायत झिवली माल के उपसरपंच संपत सिंह उरैती नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि प्रेमलाल बनवासी अरुण चंदेल भागवत बिलागर सहित प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव और सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति स्वदेशी अपनाने जल संरक्षण और संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई।



# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई और सोलर पम्प योजना से किसानों को मिल रहा लाभ

डिंडौरी

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में किसानों की सिंचाई सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं को लागू किया जा रहा है।इसी क्रम में किसानों को आधुनिक सिंचाई संसाधन उपलब्ध कराते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और प्रधानमंत्री सोलर पम्प योजना के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में उपकरण स्थापित किए गए हैं।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत राघोपुर मॉल में स्प्रिंकलर सेट स्थापित किया गया है। इससे किसानों को फसलों की सिंचाई में सुविधा मिल रही है और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।इसी प्रकार प्रधानमंत्री सोलर पम्प योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के अंतर्गत विकासखंड अमरपुर के ग्राम घेवरी के किसान रतन सिंह के खेत में 5 एचपी क्षमता का सोलर पम्प स्थापित किया गया है। इसके अलावा विकासखंड डिंडौरी के ग्राम ग्वारा के किसान रवि सिंह के खेत में भी 5 एचपी का सोलर पम्प लगाया गया है जिससे उन्हें बिजली पर निर्भरता कम करते हुए आसानी से सिंचाई की सुविधा मिल रही है। वहीं विकासखंड डिंडौरी के ग्राम भाजीटोला के किसान दानी सिंह को भी प्रधानमंत्री सोलर पम्प योजना के तहत सोलर पम्प उपलब्ध कराया गया है।इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को कम लागत में सिंचाई की सुविधा मिल रही है जिससे खेती की उत्पादकता बढ़ने के साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। शासन की इन पहलों से जिले के किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी कृषि को और अधिक मजबूत बना रहे हैं।

# जिला पशु चिकित्सालय में कलेक्टर का औचक निरीक्षण



**डिंडौरी ।** जिला पशु चिकित्सालय और डेयरी विभाग डिंडौरी से संबंधित दवाइयों को कार्यालय परिसर में जलाने से प्रदूषण फैलने की खबर को जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिला पशु चिकित्सालय कार्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पशु चिकित्सालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष दवाई वितरण कक्ष डॉक्टर कक्ष और उपस्थिति पंजी की जांच की। साथ ही कार्यालय में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और अनुपस्थित तथा अवकाश पर रहने वाले कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली। लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने जिला पशु चिकित्सालय अधिकारी से कार्यालय की सभी शाखाओं के कार्यविभाजन आदेश पंजी और कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कार्यविभाजन आदेश उपलब्ध नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और दो दिन के भीतर जिला मुख्यालय और विकासखंड स्तर पर संचालित केंद्रों में पदस्थ कर्मचारियों का कार्यविभाजन आदेश जारी करने को कहा।इस दौरान कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी एच पी शुक्ला और स्थापना शाखा प्रभारी राजेन्द्र कुमार सहायक पशु चिकित्सालय अधिकारी को कार्यालय में नियमित साफ सफाई बनाए रखने दवाइयों का सुव्यवस्थित वितरण सुनिश्चित करने पशुओं के उपचार की नियमित व्यवस्था करने और सभी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा।

निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने कार्यालय परिसर में जलाई गई खाली शीशियों खराब दवाइयों और कचरे के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला पशु चिकित्सालय अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में खाली शीशियों और खराब दवाइयों का नष्टीकरण या जलाने की प्रक्रिया बस्ती से दूर निर्धारित स्थान पर ही की जाए ताकि प्रदूषण फैलने की संभावना न रहे।निरीक्षण के दौरान एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन डॉक्टर अभिनय शुक्ला सहित पशु चिकित्सालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# तेन्दूपत्ता शाखकर्तन और वन अग्नि रोकथाम पर रेंज स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**डिंडौरी ।** वनमंडल सामान्य डिंडौरी के मार्गदर्शन में गुरुवार को वन परिक्षेत्र कार्यालय दक्षिण समनापुर गौराकन्हारी में तेन्दूपत्ता शाखकर्तन वन अग्नि रोकथाम और वन्यप्राणी सुरक्षा विषय पर रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीणों और वन समितियों को जंगलों की सुरक्षा और तेन्दूपत्ता प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यशाला में ग्राम पंचायत गौराकन्हारी के सरपंच सुकल सिंह धुर्वे और ग्राम पंचायत बंजरा के सरपंच महर सिंह तेकाम सहित वन सुरक्षा समिति झामुल के अध्यक्ष मायाराम गोप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वनक्षेत्रपाल और वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण समनापुर आर एस परस्ते भी मौजूद रहे। इसके अलावा तेन्दूपत्ता क्रेता के प्रतिनिधि प्रबंधक पालक अधिकारी फड़ मुंशी तथा विभिन्न वन सुरक्षा समितियों के अध्यक्ष और सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान तेन्दूपत्ता शाखकर्तन की प्रक्रिया वन अग्नि की रोकथाम और वन्यप्राणियों की सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही समिति सदस्यों से तेन्दूपत्ता खरीदी से जुड़े सुझाव भी प्राप्त किए गए ताकि व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।इस अवसर पर सरपंच सुकल सिंह धुर्वे और सरपंच महर सिंह तेकाम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से जंगलों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया और लोगों को जागरूक किया।कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों समिति सदस्यों और वन अमले ने जंगलों को आग से बचाने और वन्यजीवों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यशाला में वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर के अंतर्गत पदस्थ वन अमला मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विकासखंड करेली के अंतर्गत आने वाले ग्राम कपूरी का भ्रमण कर यहां निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लगभग 17 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मिनी खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए और खेल मैदान का समतलीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम में ही लगभग 25 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में और बेहतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

### कलेक्टर ने ली गैस एजेंसियों की संयुक्त बैठक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सभी नागरिकों को सूचित किया है कि जिले में घरेलू (डोमेस्टिक) एलपीजी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिसकी निर्बाध आपूर्ति संचालित है। वर्तमान में घरेलू गैस कनेक्शन की बुकिंग प्रारंभ है। साथ ही कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई उपलब्धता के आधार पर निरंतर जारी है। अत्यंत आवश्यक स्थानों जैसे चिकित्सालय, शैक्षणिक संस्थाओं में आपूर्ति निर्बाध जारी है। उन्होंने बताया कि गैस कनेक्शन की रिफिल बुकिंग में सर्वर की कुछ आंशिक समस्या को दुरूस्त किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि होटल, रेस्टारेंट, उद्योग संस्थानों को ईधन के रूप में एलपीजी के अतिरिक्त अन्य ईधन के विकल्प के उपयोग के लिए भी समझाईश दी जा रही है, जिससे होटल, रेस्टारेंट व उद्योग संस्थान भी सुचारू रूप से संचालित होते रहें। जिले में अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी के नेतृत्व में तहसीलदार, पुलिस थाना प्रभारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का दल गठित कर एलपीजी के उपयोग एवं सप्लाई पर सतत निगरानी कराई जा रही है। जिले में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को लेकर किसी भी तरह की कमी या आपात जैसी स्थिति नहीं है। आमजनों से अपील की गई है कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से अफवाह जनक जानकारियों से भ्रमित न हों।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या की यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या तीर्थ यात्रा का आयोजन दिनांक 30 मार्च 2026 से 04 अप्रैल 2026 तक किया जाना है। उक्त यात्रा के लिए सिवनी जिले को कुल 279 यात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। तीर्थ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदक जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय अथवा नगरपालिका सिवनी में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे अधिकारी

# प्रशासन आपके द्वारा और हो गया खेला




### राजनीति पर हावी नजर आ रहा प्रशासन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर लाभ देने का प्रयास कर रही है। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी प्रदेश सरकार की योजनाओं पर पानी फेरते नजर आ रहे है। ऐसा ही मामला जिले में सामने आया जहां पर सरकार के निर्देश पर अभियान तो चलाया गया लेकिन परिणाम केवल कागजों में सिमट कर रह गया और गरीब पात्र हितग्राही आज भी आस लगाकर बैठे है कि सरकार द्वारा चलाए गए अभियान का उन्हे लाभ मिलेगा। लेकिन उनके दस्तावेज व आवेदन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के दफ्तर मे धूल खा रहे है। वही इस ओर जनप्रतिनिधियों द्वारा भी ध्यान नही दिया जा रहा है।

### धूमिल हुआ सरकार का अभियान

गरीब एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल इसके लिए सरकार द्वारा प्रशासन आपके द्वार एवं अनेकों अभियान चलाया जाता है सरकार का उद्देश्य होता है कि पात्र हितग्राही को सरकार की योजनाओं का आसानी से लाभ मिल सके। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी सरकार के मूसबों पर पानी फेरने का कार्य कर रहे है। जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उक्त ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जबकि अभियान का शुभारंभ अधिकांश जगहों पर जनप्रतिनिधियों से कराया गया था ऐसे मे प्रशासन के साथ सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की धाक पर भी असर पड़ेगा। जनप्रतिनिधियों को चाहिए की सभी अभियानों की समीक्षा कर योजनाओं का लाभ दिलाएं।

### मामला इस प्रकार

गरीब मजदूर कल्याण एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए सरकार के आदेशानुसार प्रशासन द्वारा प्रशासन आपके द्वार जैसे कई अभियान चलाकर हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही गई। लेकिन हुआ उसके पूरी तरह विपरीत ही आयोजन से लोगों को आस तो जगी लेकिन पूरी नही हो सकी। प्रशासन द्वारा अभियान को पूरी सक्रिय के साथ चलाया गया हितग्राहियों से आवेदन बुलाए गए लेकिन आवेदनों पर कार्रवाई का कोई अता पता नही अभियान के तहत दिए गए। आवेदन शासकीय कार्यालयों मे धूल खा रहे। जिले की अनेकों ग्राम पंचायतों मे यह अभियान चला लेकिन उन आवेदनों की तरफ ना तो प्रशासन की नजर है और ना ही जनप्रतिनिधियों की। प्रशासन को चाहिए की जांच कर ठोस कार्रवाई करे।




### लाखों हुए खर्च, हालात जस के तस

सरकार द्वारा अभियान के लिए लाखों रूपए की राशि स्वीकृत की गई। अभियान को पूरी शान शौकत के साथ आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर बड़े - बड़े भाषण दिए गए पात्र हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। प्रशासन द्वारा अभियान के आयोजन के नाम पर बिल लगाकर राशि निकाल ली परन्तु हालातों में सुधार ही हो सका। सरकार द्वारा जिस उद्देश्य से अभियान चलाया गया वह पूरा ही नही हो सका। अब विचारणीय यह है कि दो मंत्रियों वाले जिले मे यह स्थिति है तो अन्य जिलों मे क्या हाल होगा। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को मंत्रियों या अन्य नेताओं को कोई भय नही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन के अधिकारी नेताओं को हाशिए पर रखते है।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रांत बैठक के बाद विश्व हिंदू परिषद जिला की बैठक जिला अध्यक्ष खुमान सिंह पटेल की अध्यक्षता में प्रांत बैठक में लिए गए निर्णय और वर्ष भर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रमों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिले के पंकज श्रीवात्रि द्वारा प्रांत बैठक में लिए गए निर्णय और संगठन के विस्तार के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र भाई साहब द्वारा कार्यकर्ताओं को संगठन की पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समाज में फैल रही कुरीतियों और नशे से युवाओं को दूर रहने, नशे का परिवार में होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। जिला मंत्री रामकुमार लोधी द्वारा संगठन के विस्तार के लिए नए दायित्व की घोषणा की गई। कार्यक्रम में एड. प्रदीप गुप्ता प्रांत सह मंत्री, विभाग मंत्री महेंद्र सिंह चैहान,सुमित ठाकुर विभाग बजरंग दल संयोजक, भगवान दास चढ़ार विभाग सह संयोजक, जिला सह मंत्री धनंजय तिवारी, गोपी रजक, संगठन मंत्री अभय प्रताप, राधे साहू जिला प्रचार प्रसार प्रमुख और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा प्रत्येक गुरुवार को विधायक निवास पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह कुल 630 आवेदन प्राप्त हुए। अपने-अपने प्रकरण लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए श्री पटेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का यह सशक्त मंच ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए बड़ी उम्मीद बन चुका है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर बिना किसी हिचक के पहुंचते हैं और उनके त्वरित निराकरण से संतुष्ट होकर वापस लौटते हैं। यही विश्वास और भरोसा जालम सिंह पटेल को जनता की पहली पसंद बनाता है राजनीति में प्रवेश से पहले सामाजिक सेवा को प्राथमिकता देने वाले जालम सिंह पटेल आज भी स्वयं को नेता नहीं, बल्कि जनता का बेटा मानते हुए हर वर्ग के हितों की लड़ाई में आगे रहते हैं। जनसुनवाई के माध्यम से लगातार हो रहे समाधान ने क्षेत्रवासियों में यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु उनका जनसेवक सदैव तत्पर खड़ा है उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि जनसुनवाई में 630 आवेदनों की प्राप्ति हुए। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी गणमान्य नागरिक सहित अनेक समाजसेवी जन मौजूद रहे।

## नारी कल्याण संगठन ने मनाया महिला दिवस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस ऑफिसर्स लेडीज क्लब एवं नारी कल्याण संगठन ने महिला दिवस पर एक परिचर्चा का आयोजन समाज सेवा और जागरूकता एक चिंतन विषय पर किया जिसमें नगर की जानी मानी विदुषी महिलाओं के साथ विचार विमर्श किया गया। परिचर्चा में शामिल हुईं डॉ स्वाति मीणा, श्रीमती संध्या कोठारी, श्रीमती विवेक पांडे , प्रोफेसर कृष्णा शर्मा, डॉ प्रांजल पराड़कर, एडवोकेट श्रीमती सरिता नामदेव, श्रीमती भारती कौरव और सुश्री इंदु सिंह ने समाज को भटकाव से बचाने के उद्देश्य से आयोजित इस परिचर्चा में सभी नारी शक्ति संस्थाओं से विचार विमर्श किया गया कि ऐसी जागरूकता फैलाएं कि समाज में स्वस्थ, सुगठित, सुसंस्कारित युवा हों और उन्हें समाज में फैलती असुरक्षा, असंतोष, तनाव, अनैतिकता से बचाया जा सके। परिचर्चा का संचालन संस्था की सचिव श्रीमती ज्योति चैहान ने किया।

### मकानसूचीकरण एवं गणना कार्य का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 13 मार्च को प्रात 10.30 बजे से कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि प्रशिक्षण में सीएमएमएस की हैंड्स-ऑन प्रेक्टिस की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान डिजीटल पोर्टल के संचालन का भी गहन अभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने समस्त चार्ज जनगणना अधिकारी से कहा है कि वे अपने जनगणना लिपिक के साथ लेपटॉप सहित उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### महिलाओं ने लगाए फलदार पौधे, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत विकासखंड करेली के अंतर्गत आने वाले ग्राम कपूरी में शिवशक्ति स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बगिया विकसित करते हुए 25 आम और 25 नींबू के पौधे लगाए हैं। महिला स्वसहायता समूह द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आजीविका के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि स्वसहायता समूह की महिलाएं अन्य महिलाओं को भी इस परियोजना से जोड़ें, ताकि अधिक से अधिक स्थानों पर फलदार पौधों की बगिया विकसित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की बगिया से भविष्य में महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित कर इस परियोजना को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाए, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं इससे लाभान्वित हो सकें।

## भारत विकास परिषद् ने एसडीएम को किया सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सर्विस परीक्षा परिणाम में तेंदूखेड़ा में पदस्थ एस डी एम पूजा सोनी ने 249 वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि पर भारत विकास परिषद् शाखा तेंदूखेड़ा ने बधाई देते हुए उन्हें शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर परिषद के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एन एस एस का सात दिवसीय शिविर शुरू

**तेंदूखेड़ा। विगत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सर्वोदय विद्यालय तेंदूखेड़ा का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम टेकापार में ध्वजारोहण और लक्ष्य गीत के साथ शुरू हुआ। स्वयंसेवकों ने ग्राम की मुख्य सड़क मार्गों से श्रमदान स्वच्छता का संदेश देते हुए जन जागरण रैली के माध्यम से किया।**
बेटी बचाओ स्वच्छता जल संरक्षण पर्यावरण एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरण को लेकर इन सात दिनों में गतिविधियां संचालित की जायेगी।इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष नामदेव द्वारा सात दिवसों में चलाये जाने वाली गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। तथा संस्था प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन श्रीमति डा किरण प्रभा जैन एवं प्राचार्य कमल कुमार जैन ने छात्रों को दी शुभकामनाएं।




## सड़क पर बहता है निस्तार का गंदा पानी



### दोनों तरफ नालियां निर्माण की मांग

**तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम डोभी गड़रिया मुहल्ला से छत्ती माता तक मुख्य सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण नहीं होने से निस्तार का गंदा पानी बीच सड़क पर बहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बारिश और घरों का गंदा पानी सड़क पर ही भर जाता है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण सड़क पर कीचड़ फैल जाता है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बच्चों बुजुर्गों और राहगीरों को विशेष रूप से कठिनाई उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि शीघ्र दोनों ओर पक्की नालियों का निर्माण कराया जाए।ताकि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

## एक रोटी गौ माता के नाम



### श्रीजी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने की शुरुआत

**तेंदूखेड़ा।** गौ माता को लेकर आज की स्थिति से लगभग हर वर्ग बाखिब बना हुआ है। गौ माता को केवल गौ माता कहने से काम नहीं चलेगा बल्कि इसके संरक्षण की नैतिक जिम्मेदारी हमारी ही है।इस विषय को एक मुहिम का रुप देने के लिए श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मलखान सिंह पटेल और उनके स्कूल की टीम ने ऊमरपानी में स्कूल पहुंच मार्ग पर एक रोटी गाय के नाम संचय केंद्र का शुभारंभ किया है। डायरेक्टर मलखान सिंह पटेल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया है कि जिस घर में भोजन बच जाये उसे फालतू ना फेंके संचय केंद्र में आकर रखें के साथ साथ भोजन बनने के समय एक रोटी गाय के नाम से जरुर निकाल कर आकर जमा करें। निराश्रित गायों को खिलाई जायेंगी।इस मुहिम में सभी वर्गों से सहयोग करने की अपील की गई है। डायरेक्टर ने गौ माता के संरक्षण के साथ गौ शालाओं में जाकर सेवायें देने अपने जन्मदिन विवाह दिवस पुण्य स्मृति दिवस पर विशेष रूप से गौ शालाओं में जाकर सेवायें अवश्य देवें।